# आगामी चुनाव को लेकर डीएम ने ली बैठक

## जिले के समस्त बार्डरों पर बैरियर व सीसीटीवी कैमरे लगाने के फरमान

▶▶ संबंधित निर्वाचन अधिकारियों को पारदर्शी व शांतिपूर्ण चुनाव कराने के दिए निर्देश



तेजयुग न्यूज

रायबरेली। आगामी चुनाव 2024 की तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला अधिकारी हर्षिता माथुर ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित बचत भवन सभागार में संबंधित निर्वाचन अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने चुनाव सबंधित तैयारियों का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों का भली-भांति अध्ययन कर ले। उसके उपरांत निर्वाचन को सकुशल संपन्न कराएं। उन्होंने कहा कि सुरक्षा के दृष्टिगत जनपद में जो भी संवेदनशील तथा अति संवेदनशील बूथ हैं उन्हें देख लें तथा वहां विशेष सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करें। इसके साथ ही जो लोग चुनाव में व्यवधान उत्पन्न करने वाले हो उन्हें पूर्व में ही चिन्हित कर लें। सभी बूथों पर बिजली, पानी, रैंप, छांव आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कर लें। जिससे मतदान के दिन किसी भी प्रकार की समस्या ना हो। पोलिंग पार्टियों की रवानगी को लेकर पूर्व में ही रूट प्लान तैयार कर लें।

उन्होंने कहा कि जिन गांवों में पूर्व में विवाद हुए हैं उनको चिन्हित कर लें तथा वहां पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था रखें। निर्वाचन के दौरान जनपद के सभी बॉर्डर पर बैरियर तथा कैमरा लगाने के निर्देश दिए। चुनाव के दृष्टिगत जनपद में शस्त्र लाइसेंस को जमा कराएं तथा जिन लोगों का शस्त्र जिलाधिकारी कार्यालय में दर्ज नहीं है उनके लिए अभियान चलाकर शस्त्र दर्ज कराएं। नामांकन को लेकर पूर्व में ही तैयारी सुनिश्चित कर लें। निर्वाचन के दौरान कहीं पर भी अवैध शराब की बिक्री, निर्माण व संचयन ना होने पाए इसका विशेष ध्यान रखें, सभी लाइसेंसी दुकानों का समय-समय पर औचक निरीक्षण करते रहें। उन्होंने कहा कि चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना हम सभी की जिम्मेदारी है। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही ना बरती जाए। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रफुल्ल त्रिपाठी, आरओ, एआरओ और पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

### मतदाता जागरूकता रैली को एडीएम ने दिखाई हरी झंडी

रायबरेली। मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत ब्लॉक खीरो कस्बा में मानव श्रंखला बनाकर मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी। मतदाता जागरूकता रैली को एडीएम प्रशासन प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मतदाता जागरूकता रैली की शुरुवात एडीएम द्वारा उपस्थित विद्यालय के बच्चो, शिक्षको व ग्रामीणों को मतदान शपथ दिलाकर किया गया। जिसके बाद शिक्षिकाओं द्वारा बनायी गयी रंगोली का अवलोकन करके रैली को हरी झंडी दिखायी गयी।



# भव्य और दिव्य मना पत्रकारों का होली मिलन समारोह

## दिल्ली से आए कलाकारों संग खेली लठामार फूलों की होली

तेजयुग न्यूज

मथुरा। ब्रज प्रेस क्लब द्वारा डेम्पीयर नगर स्थित होटल हीरा क्रिस्टल में पत्रकारों का होली मिलन समारोह मनाया गया। जिसमें दिल्ली से आए प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा राधाकृष्ण के स्वरूपों के मध्य मनभावन फूलों की होली की प्रस्तुति से सभी आनंदोल्लासित हो उठे। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक पूरन प्रकाश, विधायक राजेश चौधरी, जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय द्वारा राधाकृष्ण के स्वरूपों की आरती कर किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि ब्रज की होली की अनौखी छटा और परम्परा दूर-दूर तक फैली हुई है। एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय ने कहा कि फागुन में ब्रज की होली का अलग ही महत्व है।

▶▶ फाग गीतों पर झूमते नजर आए जनप्रतिनिधि, अधिकारी व पत्रकार

विधायक राजेश चौधरी ने कहा कि यहां की लठामार होली देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी प्रसिद्ध है। विधायक पूरन प्रकाश ने कहा कि होली आपसी भाई चारे का पर्व है। कार्यक्रम में पधारे राज्यसभा सांसद चौ. तेजवीर सिंह ने कहा कि आज भी ब्रजभूमि ने होली की प्राचीन परम्पराओं को संजोए रखा है। पूर्व मंत्री व मथुरा के विधायक श्रीकांत शर्मा ने कहा कि मथुरा-वृन्दावन में सबसे अनूठा उत्सव होली ही मनाया जाता है। यह होली अनूठी परम्पराओं के चलते विश्व में प्रसिद्ध है। एमएलसी ठा.ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि होली मस्ती से भरा त्यौहार है और ब्रजभूमि में होली को मनाने की बात ही अलग है। विधायक ठा. मेघश्याम सिंह ने कहा कि होली का पर्व सामूहिकता और आनन्दित जीवन जीने का संदेश देता है।

कार्यक्रम में भाजपा के महानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी, एसपी सिटी डा.अरविन्द कुमार, रालोद के वरिष्ठ नेता व समाजसेवी प्रीतम सिंह प्रधान, वरिष्ठ समाजसेवी व उद्योगपति पवन चतुर्वेदी, अपर नगर आयुक्त सी.पी. पाठक, जिला सूचना अधिकारी प्रशांत सुचारी, सीएमओ अजय कुमार वर्मा, डिप्टी सीएम रोहताश कुमार आदि ने भी विचार व्यक्त कर सभी पत्रकारों को होली की शुभकामनाएं दी।

# रमजान का पाक महीना व रोजा आज से हुआ शुरु



तेजयुग न्यूज

नसीराबाद/रायबरेली : रमजान का पाक महीना व रोजा आज से शुरू हो रहा है। एक मीनारा मस्जिद नसीराबाद के इमाम अतीक अहमद लालू भाई ने बताया कि सऊदी 29 तारीख को चांद दिखाई पड़ गया है इस लिए 12 मार्च से पाक रमजान का महीना शुरू हो रहा है। सभी मस्जिदों की रंगाई पुताई कर ली गई है और साज सज्जा की जा रही है।

इस्लाम के मानने वाले लोग इस महीने में रोजा रखते हैं और अपने पैगंबरों के बताए रास्तों पर चलते हुए नेक नीयत से जिंदगी बसर करने का सलीका सीखते हैं। बाजारों की रौनक बढ़ गई है। जगह-जगह खजूर, छुहारा आदि सूखे मेवे, अनेकों तरह की सेवइयों, नमकीन और पापड़ी तथा फलों की दुकानें दुकान सज गई हैं,जिन पर भारी भीड़ देखने को मिल रही है। नगर पंचायत नसीराबाद, गांधीनगर, परैया नमकसार और परशदेपुर में दुकानों पर ग्राहकों की कतारें लगी हुई हैं। बच्चों से लेकर बूढ़ों तक, पुरुष और महिलाओं सभी में बराबर उत्साह देखा जा रहा है। होली और रमजान के दृष्टिगत शांति और सुरक्षा व्यवस्था के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है।

### 16 मार्च को बिरनावा गांव में निशुल्क चिकित्सा शिविर

नसीराबाद/रायबरेली। नसीराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम बिरनावा में निश्शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसमें विभिन्न रोगों से पीड़ित रोगियों की निश्शुल्क जांच करके मुफ्त में दवाइयां भी दी जाती हैं। कई वर्षों से इस शिविर का आयोजन समाज सेवी तेज कुमार सिंह द्वारा किया जाता रहा है और इस वर्ष भी उनके मकान के पास 16 मार्च को दस बजे से स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाएगा जिसमें कई वरिष्ठ चिकित्सक भाग लेंगे।

# मुठभेड़ में लूट के अभियोग में वांछित लुटेरा पकड़ा

तेजयुग न्यूज

मथुरा। छाता पुलिस द्वारा हुसैनी से पैगांव रोड़ पर लूट के अभियोग में वांछित एक अभियुक्त को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से लूट की एक मोटर साइकिल मय एक तमंचा 315 बोर व 02 जिन्दा व 01 खोखा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ है।



मुखबिर की सूचना पर छाता से पैगांव रोड सेवलगढ तिराहा से लूट के वांछित अभियुक्त मोहन श्याम पुत्र नन्नू निवासी शिवाल थाना बरसाना जनपद मथुरा उम्र करीब 26 वर्ष को छाता से पैगांव रोड सेवलगढ तिराहा के पास से पुलिस मुठभेड़ के दौरान हुआ घायल/गिरफ्तार, अभियुक्त के कब्जे से लूट की एक मोटर साइकिल हीरो स्पलेन्डर और अवैध तमंचा 315 बोर व 02 अदद जिन्दा व 01 अदद खोखा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। यह लूट 8 फरवरी को हरी सिंह पुत्र शिव सिंह उर्फ शिब्बो निवासी तरौली जनूबी थाना छाता के साथ हुई थी।

जिसमें उनकी बाइक और मोबाइल लूटा गया था। मुखबिर खास की सूचना पर पुलिस मुठभेड़ में छाता से पैगांव रोड सेवलगढ तिराहा के पास से मोहनश्याम पुत्र नन्नू निवासी ग्राम सिवाल थाना बरसाना को लूट की मोटर साइकिल हीरो और अदद अवैध के साथ गिरफ्तार किया है।

# वाईएसपीएल सेशन 5 की ड्रेस एवम ट्रॉफी लॉन्चिंग पार्टी क्रिकेट टीमों के साथ आयोजित

## डांस ग्रुप द्वारा गणेश वंदना पर सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया

तेजयुग न्यूज

मथुरा। युवा सर्राफा कमेटी द्वारा स्थानीय होटल में क्रिकेट सीरीज वाईएसपीएल सेशन 5 की ड्रेस एवम ट्रॉफी लॉन्चिंग पार्टी क्लब की दोनो क्रिकेट टीमों गतिमान 11 व लव द चेंजर के साथ आयोजित किया गया। गौरतलब है कि युवा सर्राफा कमेटी लगभग हर वर्ष इस खेल का आयोजन करवाती रही है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एनयूजेआई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व ब्रज प्रेस क्लब के अध्यक्ष डॉ.कमलकान्त उपमन्यु एडवोकेट का अध्यक्ष मनीष, महामंत्री कपिल, कोषाध्यक्ष अमित द्वारा दुपट्टा पहना कर स्वागत किया गया। इसके बाद डांस ग्रुप द्वारा गणेश वंदना पर सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात अतिथि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एनयूजेआई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व ब्रज प्रेस क्लब के अध्यक्ष डॉ.कमलकान्त उपमन्यु एडवोकेट, सामना के डायरेक्टर विवेक कदम एवम कमेटी संस्थापकों मुकुल एवम राधाकृष्ण द्वारा ट्रॉफी एवम टी-शर्ट लॉन्च की गई। कार्यक्रम में आए कमेटी के सभी सदस्यों ने दोनो टीमों के कप्तानों हेमेंद्र वर्मा एवम लव गुप्ता को क्रिकेट मैच से पहले जीत की शुभकामनाएं दी।

इसके बाद दोनो टीमों के उपकप्तान चेतन अग्रवाल एवम चंदू जैन द्वारा अपनी अपनी टीमों को एक साथ पंक्तिबद्ध तरीके से खड़े करके मैच के प्रति जज्बा दिखाते हुए फोटो शूट करवाया गया। वाईएसपीएल सीजन 5 के ईवेन्ट स्पॉसर कपिल एवम को-स्पॉसर राहुल द्वारा दोनो टीमों के क्रिकेट नियम एवम शर्तो से रूबरू करवाया गया। इस मौके पर कमेटी सदस्यो एवम इवेंट पार्टनर्स मनोज बंसल, अनुज अग्रवाल, दीपक जेम्स, सौरभ मित्तल, पीयूष, अक्षयकृष्ण,पवन अदुकी, सोनू, इत्यादि द्वारा दोनो टीमों को परस्पर बिना भेदभाव और भाई चारा समन्वय से मैच को संपन्न करवाने का संदेश दिया।



# प्रभु श्रीराम के मंदिर निर्माण से रोजगार एवं आय की संभावनाएं बढ़ी : प्रो. प्रेम एस वशिष्ठ

## अवध विवि में 'प्रभु श्रीराम मंदिर के आर्थिक निहितार्थ विषयक' राष्ट्रीय संगोष्ठी सम्पन्न

तेजयुग न्यूज




अयोध्या : डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र एवं ग्रामीण विकास विभाग में ''प्रभु श्रीराम मंदिर के आर्थिक निहितार्थ विषयक'' एक दिवसीय राष्ट्रीय गोष्ठी का आयोजन सेमिनार हॉल में किया गया। सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रमुख अर्थशास्त्री एवं नीति निर्माता, नई दिल्ली के प्रो. प्रेम एस वशिष्ठ ने कहा कि अयोध्या में प्रभु श्रीराम के मंदिर निर्माण से अर्थव्यवस्था के प्राथमिक, द्वितीयक एवं तृतीयक तीनो क्षेत्रों का गुणात्मक सिद्धान्त के अन्तर्गत आकस्मिक रोजगार एवं आय की संभावनाएं तीन से चार गुना बढ़ी है।



सूक्ष्म, कुटीर एवं लघु आधारित व्यवसाय से जुड़े हुए लोगो को सतत स्थानीय रोजगार प्राप्त होता रहेगा। उन्होंने कहा कि यदि रोजगार एवं आय की सूक्ष्मता एवं लघुता को औद्योगिक क्षेत्र में परिवर्तित कर दिया जाए तो असंगठित क्षेत्र का यह विकास आय एवं रोजगार के संगठित विकास एक आधार बनेगा। प्रो. वशिष्ठ ने कहा कि दर्शन के दौरान उन्हे होर्डिंग पर लिखी एक लाइन ने काफी आकर्षित किया जिसमें लिखा था ''विरासत भी विकास भी''। हमारी विरासत ही हमारे विकास का साधन होती है। संस्कृति के द्वारा आज अयोध्या का विकास इतनी तेजी से हो रहा है क्योंकि लोग यहाँ के विकास से आकर्षित होकर यहां पर निवेश कर रहे जिससे कई तरह के रोजगार को बढावा मिल रहा है और हमारी अर्थव्यवस्था और देश के लिए कई तरह के नए स्रोत विकसित करेगा। अध्यक्षता करते हुए प्रो. मृदुला मिश्रा, ने कहा कि राम मंदिर निर्माण से अवध क्षेत्र के साथ पूरे प्रदेश से संरचनात्मक सुविधाओं का विकास हुआ है। विभाग के आचार्य एवं महासचिव उत्तर प्रदेश उत्तराखण्ड अर्थिक संघ प्रो. विनोद कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि मंदिर निर्माण से प्रभु श्रीराम के अर्थशास्त्र को समावेशी विकास से जोड़ना अति प्रासंगिक होगा। जब से प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा हुई है तब से अयोध्या क्षेत्र में पर्यटन विकास, रोजगार के अवसर की संभावनाएं स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रही है। मंदिर निर्माण एवं प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही उत्तर-प्रदेश के सकल घरलू उत्पाद में जीएसटी में बृद्धि हुई है। अवध क्षेत्र के लोगो में चक्रानुक्रम में लगभग दो से तीन प्रतिशत की रोजगार अवसर में वृद्धि हुई है जिससे लोगो का जीवन खुशहाल हुआ है।

सह-आचार्य डॉ. प्रिया कुमारी व डॉ. अलका श्रीवास्तव ने मंदिर निर्माण के सापेक्ष बढ़ रही ऊपर सुविधाओं की व्यापकता पर प्रकाश डाला। इसी क्रम में ललित कला की डॉ. सरिता द्विवेदी एवं श्रीमती रीमा सिंह ने भी संबोधित किया। शुभारम्भ मुख्य अतिथि प्रो. प्रेम एस वशिष्ठ एवं प्रो. मृदुला मिश्रा द्वारा मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। संचालन प्रो. विनोद श्रीवास्तव ने किया। अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अलका श्रीवास्तव द्वारा किया गया। इस अवसर पर उर्मिल वशिष्ठ, न्यूर्याक से आयी मोनिका वशिष्ठ, आशीष प्रजापति, कुशाग्र पाण्डेय, विजय कुमार शुक्ला, हीरालाल यादव एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# विद्युत विभाग ने अभियान चलाकर वसूला एक लाख से अधिक बकाया



मिल्कीपुर-अयोध्या : विद्युत उपकेंद्र शाहगंज के सारी फीडर अंतर्गत मेहदौना गांव में विद्युत विभाग की टीम ने 27 बड़े बिजली बिल के बकायेदारों का केबल विद्युत पोल से काट दिया। सोमवार को दिन में चलाए गए सघन चेकिंग अभियान के दौरान विद्युत उपभोक्ताओं के कनेक्शन व मीटरों की जांच करते हुए उनके बकाया बिलों को जमा कराया गया।अभियान के दौरान 68 उपभोक्ताओं से 176000 रूपये का बकाया विद्युत बिल वसूला गया। अभियान में 10000 से अधिक बकाया बिल वाले बकायेदारों की बिजली काटी गई। विद्युत विभाग की टीम में अवर अभियंता अवधेश कुमार, टेक्नीशियन महेंद्र प्रताप, लाइनमैन राकेश दुबे, रोहित गोस्वामी, अवधेश यादव, शिव कुमार, राजदेव, प्रमोद यादव आदि मौजूद रहे।

# फगुआ रंगों से सराबोर स्वरों से भीगे युगल सरकार

तेजयुग न्यूज

अयोध्या : संस्कृति विभाग द्वारा संचालित भजन संध्या पर चढ़ रहा होली का खुमार दिवाकर चतुर्वेदी व शशांक शुक्ला के युगल गायन से राम भक्तों के सिर पर भजनों का असर चढ़कर बोल रहा है। भगवान श्री राम लला के भव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद से प्रतिदिन लाखों की संख्या में आ रहे रामभक्तों के लिए अयोध्या में आयोजित रामोत्सव में प्रस्तुति देने वाले कलाकारों ने भी कमर कस ली है अपने गायकी के रंगों से पधारे श्रद्धालुओं को बिना भिगोए जाने नहीं देंगे।

इस क्रम में गोरखपुर से पधारे दिवाकर चतुर्वेदी व शशांक शुक्ला ने अपने भजनों की शानदार जुगलबंदी में मेरे तो राजा राम आते जाते हुए राम बोला करो राम कहने से तर जायेगा, डमरू के डिम डिम से निकला सीताराम सीताराम, चदरिया झीनी रे झीनी व होली खेलें रघुवीरा अवध में जैसे भजनों से खूब रिझाया, नचाया और सुरीले स्वरों से भिगोया। शब्दों के रंग से सराबोर कर भजनों में जम कर उड़े अबीर गुलाल साथ ही भजन रत्न सम्मान से विख्यात बनारस से पधारे सनी मिश्रा ने भी खासी भीड़ को उत्साहित किया। देखो राजा बने महाराजा, राम नाम अति मीठा, नगरी हो अयोध्या सी, डिमिक डिमिक कर डमरू बाजे के साथ खेले मसाने में होरी दिगंबर जैसे भजनों से दर्शकों को सीधे मंच से जोड़े रखा।



▶▶ संस्कृति विभाग द्वारा संचालित भजन संध्या पर चढ़ रहा होली का खुमार दिवाकर चतुर्वेदी व शशांक शुक्ला के युगल गायन से राम भक्तों के सिर पर भजनों का असर चढ़कर बोल रहा

संस्कृति विभाग कार्यक्रम अधिशासी कमलेश कुमार पाठक के मार्गदर्शन में जारी रामोत्सव में पधारे गुणी गायकों दिवाकर चतुर्वेदी शशांक शुक्ला,सनी मिश्रा को श्रीराम दरबार उकेरित सुंदर स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया गया। श्रेष्ठ संगतकारों हृदयराम मिश्र, विशाल मिश्रा, मनीष मिश्रा, पुष्कर मिश्रा, अमन मिश्रा, हर्ष मिश्रा,अजीत मिश्रा,परेम पाण्डेय, राजन मिश्रा, धीरज का शब्द सम्मान सहित विश्व प्रकाश रूपन कलाकारों, रामभक्तों का स्वागत व सुंदर संचालन किया। इस अवसर पर उपस्थित व्यवस्थापक मानस तिवारी, अमित पांडेय के साथ साथ सामाजिक कार्यकर्ता वैभव मिश्र व सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# पत्रकार हितों की सुरक्षा के लिए भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ ने भरी हुकार

## तहसील इकाई मिल्कीपुर ने प्रधानमंत्री को संबोधित आठ सूत्रीय ज्ञापन सौपा

तेजयुग न्यूज

अयोध्या : भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ अयोध्या इकाई की तहसील इकाई मिल्कीपुर में 11 मार्च सोमवार को राष्ट्रीय कार्यकारिणी के निर्देश पर पत्रकार हितों की सुरक्षा सहित आठ सूत्रीय माँग पत्र प्रधानमंत्री को संबोधित उप जिलाधिकारी मिल्कीपुर राजीव रतन सिंह को तहसील अध्यक्ष ओंकार मिश्रा जिला मुख्य महासचिव उमाशंकर मिश्रा जिला कार्यालय सचिव रमेश चंद्र पांडे की अगुवाई में सौपा गया।

तहसील अध्यक्ष ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी के राष्ट्रीय संयोजक भगवान प्रसाद उपाध्याय के निर्देश पर पत्रकार हितों की सुरक्षा के लिए इस मांग पत्र में सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में आधिमान्ता के लिए बनाई गई नियमावली में एकरूपता बनाए जाने की व्यवस्था पूरे देश में समान रूप से लागू होनी चाहिए। तथा पूरे देश के पत्रकारों एवं उनके परिवार के सदस्यों के इलाज की समुचित व्यवस्था सरकार द्वारा मुफ्त किया जाना चाहिए। देश के पत्रकारों व उनके परिजनों की सुरक्षा के लिए सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों को पत्रकार सुरक्षा कानून को लागू करना चाहिए।आए दिन पत्रकार उत्पीड़न की घटनाओं में हो रही अप्रत्याशित वृद्धि को रोकने के लिए सदन में कानून बनाकर कारगर उपाय किया जाए। 50 वर्ष पूर्ण कर चुके पत्रकारों को 30000 मानदेय की व्यवस्था बनाई जाए। इसमें मान्यता प्राप्त तथा स्वतंत्र पत्रकार जो बीस वर्ष तक पत्रकारिता में रहे हो उन्हें शामिल किया जाए।



मान्यता प्राप्त की बाध्यता को हटाया जाए जिससे सभी पत्रकारों को इसका लाभ मिल सके देश के टोल प्लाजा पर पत्रकारों से टोल टैक्स ना लिया जाए। ज्ञापन देने वाले में तहसील मुख्य महासचिव कृष्ण कुमार सिंह, तहसील संयुक्त सचिव सुरेश यादव, ध्रुव शुक्ल, अयोध्या प्रसाद राणा, संगठन सचिव पंकज मिश्रा आदि शामिल रहे।